प्रादेशिक समाचार
दिनांक–01.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- देश की न्याय प्रणाली में आज से ऐतिहासिक बदलाव, तीन नये आपराधिक कानून लागू।
- त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिकी से लेकर फैसला सुनाने तक की समय–सीमा तय।
- मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने साहिबगंज में करीब तीन अरब रुपये की विकास योजनाओं का किया उदघाटन और शिलान्यास।
- मौसम विभाग के अनुसार रांची, दुमका और गोड्डा समेत राज्य के कई जिलों में आज भारी बारिश के आसार, मानसून की सक्रियता से तापमान में नौ डिग्री तक की गिरावट।
- बीसीसीआई की टी–20 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम को एक सौ 25 करोड़ रुपये इनाम देने की घोषणा, रविंद्र जडेजा ने भी फटाफट क्रिकेट से लिया संन्यास।

*******************

तीन नये आपराधिक कानून– भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 आज से झारखंड समेत पूरे देश में लागू हो गये हैं। सरकार ने इस बारे में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें की हैं और वे नये कानूनों को लागू करने से संबंधित प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण और जागरूकता सृजन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इन नये कानूनों में प्राथमिकी दर्ज करने से लेकर फैसला सुनाने तक की समय–सीमा निर्धारित की गयी है। इससे त्वरित न्याय सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

*******************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कल हूल दिवस के मौके पर साहिबंगज के भोगनाडीह में करीब तीन अरब रुपये की 396 विकास योजनाओं का उदघाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने 37 हजार से अधिक लाभुकों के बीच करीब 90 करोड़ रुपये से ज्यादा की परिसंपत्तियों का वितरण भी किया। इससे पहले उन्होंने वीर शहीदों को नमन किया। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

*******************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि अगले माह से राज्य के सभी प्राथमिक विद्यालयों में जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई शुरु हो जायेगी। वे कल देर शाम सरायकेला–खरसांवा जिले के कुमडीह और राजनगर में हूल दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ–साथ अन्य आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

*******************

अखिल भारतीय कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य और जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉक्टर अजय कुमार ने कहा है कि बढ़ती महंगाई से लोगों को राहत प्रदान करने के लिए झारखंड की सरकार संवेदनशील है। जमशेदपुर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार ने श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी में बढ़ोतरी की है। उन्होंने निजी कंपनियों और उद्योगों से भी न्यूनतम मजदूरी कानून का पालन करने का आग्रह किया।

*******************

जम्मू–कश्मीर में कल पंद्रह हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र अमरनाथ जी गुफा के दर्शन किए। यात्रा के दूसरे दिन प्राकृतिक रूप से बर्फ से निर्मित भगवान शिव के शिवलिंग के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 28 हजार तक पहुंच चुकी है। छह हजार चार सौ 61 श्रद्धालुओं का चौथा जत्था आज जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हो चुका है। इस जत्थे में चार हजार आठ सौ 31 पुरुष, एक हजार दो सौ 23 महिलाएं,

14 बच्चे, तीन सौ 32 साधु और 61 साधवियां शामिल हैं। वहीं, इस वर्ष की पहली छमाही तक माता वैष्णो देवी मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या पचास लाख के पार पहुंच चुकी है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

हजारीबाग के एक जिला परिषद सदस्य राम प्रसाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने कल साइकिल से दिल्ली रवाना हुए हैं। दिल्ली रवाना होने से पूर्व उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री से मिलकर राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर उनका ध्यान आकृष्ट करायेंगे।

*******************

जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक सड़क लुटेरे को गिरफ्तार किया है। तीन लुटेरे मौके से भागने में सफल रहे। ये सभी पुलिस की वर्दी पहनकर लूटकांड को अंजाम दे रहे थे। इस दौरान पुलिस ने एक चारपहिया वाहन, मोबाइल, देसी पिस्टल, ड्रैगन लाइट, लाठी, वर्दी सहित कई अन्य सामान बरामद किये हैं।

*******************

रांची के ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाली महिलाएं सखी मंडल से जुड़कर अपने लिए आर्थिक सशक्तिकरण की राह तैयार कर रही है।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज से अगले दो दिन भारी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने राजधानी रांची के अलावा संताल परगना के देवघर, गोड्डा और दुमका के अलावा पश्चिम बंगाल से सटे इलाकों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। बारिश की वजह से पिछले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में 9 डिग्री तक की गिरावट आयी है।

*******************

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईसीसी टी–ट्वंटी विश्व कप जीतने वाली टीम इंडिया के लिए एक सौ पच्चीस करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि की घोषणा की है। बोर्ड के सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान असाधारण प्रतिभा, कौशल और खेल भावना का परिचय दिया। उन्होंने सभी खिलाडियों, कोच और सहयोगी स्टाफ को इस असाधारण उपलब्धि पर बधाई दी। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने टूर्नामेंट के सभी मैच और विश्व कप जीतकर इतिहास रचा है।

*******************

इस बीच, रविंद्र जडेजा ने भी टी–20 क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने भी इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख समाचार पत्रों ने आज से 3 नए कानून लागू होन की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
प्रभात खबर और रांची एक्सप्रेस ने गिरिडीह जिले के देवरी में अरगा नदी पर साढ़े पांच करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन पुल के ध्वस्त होने की खबर को अपने पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।
हिन्दुस्तान ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हवाले से लिखा है– झारखंड का खनिज पर पहला हक।
दैनिक जागरण की सुर्खी है– आज से नए कानून में दर्ज होंगे अपराध, जल्द निपटेंगे केस।
अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने देश में तीन नए आपराधिक कानून  के प्रभावी होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*******************